उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 22.02.2026

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में “मिशन शक्ति अभियान फेज-5” के अन्तर्गत आज दिनांक- 22.02.2026 को जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

“मिशन शक्ति 5.0” अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने अवैध असलहा व कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन एवं श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा तथा श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित पुलिस टीम उ0नि0 पवन गौड़, उ0नि0 हार्दिक सिंह, का0 रामकुमार तिवारी व का0 इन्द्रपाल चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना मुकदमात, लंबित अहकामात तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 02 नफर अभियुक्तों को बुडेरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त
रिंकू पुत्र देवेन्द्र राजपूत, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम बुडेरा, थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा
अरून पुत्र हरनारायण, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम बुडेरा, थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा

बरामदगी–

- 01 अदद तमंचा .315 बोर
- 04 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर (सफेद कपड़े में लिपटे हुए)

उक्त बरामदगी के आधार पर थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 22/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 पवन गौड़, थाना पनवाड़ी
2. उ0नि0 हार्दिक सिंह, थाना पनवाड़ी
3. का0 रामकुमार तिवारी, थाना पनवाड़ी
4. का0 इन्द्रपाल चौहान, थाना पनवाड़ी

महोबा में 'ऑपरेशन खोज' अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व प्रमुख बाजारों में सघन चेकिंग, आमजन को किया गया जागरूक

- मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या वी0पा0ला0-एचसी-व-13/2023/839 दिनांक 20 फरवरी 2026 के अनुपालन में आज दिनांक 22.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह (नोडल अधिकारी) के कुशल निर्देशन में जनपद महोबा में "ऑपरेशन खोज" अभियान चलाया गया।
- अभियान के अंतर्गत प्रभारी थाना एएचटीयू प्र0नि0 अवधेश कुमार मिश्र मय हमराह म0का0 कविता देवी, थाना एएचटीयू महोबा, प्रभारी महिला थाना महोबा, प्रभारी जीआरपी महोबा एवं प्रभारी आरपीएफ महोबा की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत संभावित स्थानों—रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, प्रमुख बाजार क्षेत्र चूड़ी वाली गली, परमानन्द चौराहा, बड़े हनुमान मंदिर रोड एवं वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर आदि स्थानों पर सघन चेकिंग एवं पूछताछ की गई।
- इस दौरान टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/परिस्थितियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आमजन को महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई तथा मानव तस्करी, गुमशुदगी, बाल श्रम एवं अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया।